>

Title : Need to provide special package for the development of desert regions in Rajasthan

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर सहित राजस्थान प्रदेश के चौदह जिले मरूस्थलीय जिले हैं। ये जिले अति पिछड़े जिले हैं। केन्द्र सरकार पहाड़ी जिलों को विशेष छूट देती है, लेकिन मरूस्थलीय जिलों को विशेष सुविधा नहीं है। विशेष सुविधा नहीं मिलने से ये जिले पिछड़ते ही जा रहे हैं। औद्योगिक, शैक्षणिक एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं यहां पर कम उपलब्ध हैं। मरूस्थलीय जिलों में जहां पर ज्यादातर अकाल पड़ता रहता है, वहां पर विशेष पैकेज की अति आवश्यकता है। किसान, मजदूर कर्ज में डूबा हुआ है। हर जगह पर भुखमरी की हालत है। जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर ये बॉर्डर के जिले हैं। यहां पर ज्यादा गरीबी राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है। यहां पर ज्यादातर पशुपालन का धंधा है, वह भी अकाल होने से कमजोर हो गया है।

अतः महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान प्रदेश के मरूस्थलीय जिलों को विशेष सहायता दी जावे ताकि वे जिले भी आगे बढ़ सकें।